INDIAN SCHOOL SOHAR

SET -1

FORMATIVE ASSESSMENT -2 (2015-16)

कक्षा : 10   **विषय : हिन्दी (पाठ्यक्रम ब)**   **पूर्णांक : 20**

दिनांक : -08-2015   **समय : 40 मिनट**

निर्देश :

1 इस प्रश्नपत्र में कुल **8** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

3 प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से लिखिए।

प्रश्न - 1 अपठित गद्यांश : **4**

वर्तमान युग में जीवन–मूल्यों में भारी परिवर्तन आ रहे हैं। समाज की आस्थायें एवं विश्वास तीव्र गति से बदल रहे हैं। आज का व्यक्ति आत्म–केन्द्रित सा होता चला जा रहा है। बच्चों एवं माँ–बाप में पीढ़ी के अंतर को उछाला जा रहा है। बच्चों को आधुनिक एवं माँ–बाप को दकियानूस कहा जाता है। माँ–बाप बड़े लाड़–प्यार से अपने बच्चों का पालन–पोषण करते हैं। बढ़ती जनसंख्या के इस युग में प्रत्येक परिवार बच्चों की संख्या पर नियंत्रण रखना चाहता है। वह एक–दो बच्चों तक सीमित रहता है। ऐसी स्थिति में बच्चों को भरपूर प्यार मिलता है एवं उनका पालन–पोषण उचित ढंग से होता है। माँ–बाप का पूरा प्रयत्न रहता है कि उनके बच्चों को किसी भी प्रकार के अभाव का सामना नहीं करना पड़े। वे स्वयं कष्ट सह लेते हैं, पर संतान को सुखी रखते हैं। ऐसी स्थिति में पलकर बड़े होने के पश्चात् बच्चों का भी अपने माँ–बाप के प्रति विशेष कर्त्तव्य हो जाता है। प्रायः देखा जाता है कि माँ–बाप के प्रति बच्चे अपने कर्त्तव्य का पालन भली प्रकार से नहीं कर पाते। उन्हें पहले तो अपनी पढ़ाई–लिखाई की चिंता होती है और उसके पश्चात् अपने उज्ज्वल भविष्य की चिंता रहती है। माँ–बाप भी अपने बच्चों के भविष्य को सँवारने में उनकी सहायता करते हैं। बच्चों को व्यवस्थित करके वे उनसे कुछ आशायें लगा बैठते हैं जिन्हें अनुचित नहीं कहा जा सकता, पर उन्हें उस समय मानसिक आघात लगता है जब उनके बच्चे उनकी उपेक्षा करते हैं। पीढ़ी के अन्तर की दुहाई देकर माँ–बाप को दकियानूसी सिद्ध करने पर तुल जाते हैं।

ऊपर दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न - क) वर्तमान युग में समाज में क्या हो रहा है ?

प्रश्न - ख) माँ–बाप अपने बच्चों का पालन–पोषण कैसे करते हैं?

प्रश्न - ग) माता–पिता को कब मानसिक आघात लगता है?

प्रश्न - घ) उपर्युक्त शीर्षक लिखिये।

प्रश्न -2 रेखांकित पदों के भेद लिखिए । **1**

राधा ने **श्याम** को बुलाया **लेकिन** वह नहीं आया।

प्रश्न- 3 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य बनाइए । **1**

हाथ पाँव फूलना

प्रश्न- 4 निम्न वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए । **2**

अ) बाग में नील पीला फूल खिले हैं।

ब) मेरा मित्र सदा ही हमेशा सच बोलता है।

प्रश्न -5 डायरी का एक पन्ना पाठ में के आधार पर बताइए कि **26** जनवरी के दिन को अमर बनाने के लिए क्या क्या किया गया ? **3**

प्रश्न - 6 मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन कैसे किया है ? मीरा के दूसरे पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्रश्न - 7 लेखक और हरिहर काका के बीच घनिष्टता के क्या कारण थे ? हरिहर काका नामक पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्रश्न - 8 विज्ञापन लेखन **3**

आपके पास **1999** मॉडल की एक कार है। अपनी इस पुरानी कार की विशेषताओं को बताते हुए उसकी बिक्री हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

....